संपादकीय

# नए आपराधिक कानून, व्यवहार में होगी परख



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

तमाम उम्मीदों और आशंकाओं के बीच देश में भारतीय न्याय संहिता (इठर), भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता ((इठसर) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ) लागू हो चुकी हैं। ये तीनों कानून मौजूदा भारतीय दंड संहिता (क्हठ), दंड प्रक्रिया संहिता (उरढठ) और भारतीय साक्ष्य कानून की जगह लेने वाले हैं। लेकिन इसमें दशकों लग सकते हैं। जाहिर है, तब तक देश में नए और पुराने दोनों कानून साथ-साथ चलेंगे। इसकी अपनी चुनौतियां होंगी।

### सरकार आश्वस्त

विपक्षी दलों से जुड़े नेता ही नहीं, कई एक्सपर्ट्स भी इन कानूनों के लागू किए जाने को लेकर कुछ सवाल और संदेह जताते रहे हैं। लेकिन सरकार इन्हें लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जहां विपक्षी दलों के सुझाव सुनने की तैयारी दिखाई है, वहीं यह भरोसा भी जताया है कि नए कानूनों से मुकदमे निपटाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। यही नहीं, उनके मुताबिक इन कानूनों से दोष साबित होने की दर 90% तक बढ़ाई जा सकेगी।

### इंसाफ की कसौटी

ये दोनों ही लक्ष्य अच्छे कहे जाएंगे बशर्ते इस क्रम में इंसाफ की संभावना को कोई नुकसान न हो। विलंब से न्याय को अन्याय के बराबर माना गया है, लेकिन जल्दी आया फैसला भी अच्छा नहीं कहा जाएगा अगर वह सभी पक्षों को आश्वस्त नहीं कर सके कि इंसाफ हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नए कानूनों के तहत बनने वाली व्यवस्था भी ह्यइंसाफ न सिर्फ होना चाहिए बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिएह्ण की कसौटी पर सौ फीसदी खरी उतरेगी।

### पुराने की जगह नया

इस बात से किसी को इनकार नहीं हो सकता कि पुराने पड़ चुके कानून हटाए जाने चाहिए। लेकिन अंग्रेजों के जमाने के औपनिवेशिक कानूनों में पूरे रद्दोबदल के तर्क से लाए गए इन नए कानूनों में भी वह शिकायत दूर नहीं हुई। चाहे मानहानि हो या राजद्रोह इनसे जुड़े प्रावधान अभी भी किसी न किसी रूप में कानून में शामिल हैं। मैरिटल रेप को अपराध के दायरे में लाने की जरूरत भी पूरी नहीं हुई है।

### काम का बोझ

इनवेस्टिगेशन में तकनीक की भूमिका बढ़ाने का विचार अच्छा है। लेकिन जांच प्रक्रिया का मसला काम के बोझ से जुड़ा है। फॉरेंसिक टीम वैसे भी कई मामलों की जांच से जुड़ी काम के बोझ से दबी रहती है। जाहिर है, इसकी कार्यक्षमता बढ़ाने में पर्याप्त ऊर्जा लगाने की जरूरत होगी। उसके बगैर ह्यड्यू प्रॉसेसह्ण में सुधार कागजों से आगे बढ़ना मुश्किल होगा।

### नागरिक अधिकारों की गारंटी

बहरहाल, तीनों नए आपराधिक कानूनों का लागू होना एक बड़ा कदम है। इसे लेकर अभी से संदेह और निराशा का माहौल बनाने की जरूरत नहीं है। मगर याद रखना होगा कि व्यवहार में इन बदलावों के लिए भी सबसे बड़ी कसौटी यही होगी कि संविधान द्वारा प्रदत्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता नागरिक अधिकार सुनिश्चित करने के लिहाज से ये कितने प्रो-एक्टिव साबित होते।

# फरीदाबाद में बनेगी रिंग रोड, जाम मुक्त सड़कों से मिलेगा छुटकारा

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। जिले में रोड नेटवर्क का जाल बिछता जा रहा है। अब चारों तरफ आउटर रिंग रोड बनाने की योजना है। इसका प्लान फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डिवेलपमेंट अथॉरिटी (ऋ्रुअ) ने तैयार कर लिया है। अगर सब कुछ अगर प्लान के मुताबिक हुआ और सीएम ने इसे हरी झंडी दे दी तो आनेवाले समय में यह प्रॉजेक्ट अस्तित्व में आते दिखेगा। इस रोड से लोगों को जाम मुक्त सड़कों से छुटकारा मिल जाएगा और शहर में एक जगह से दूसरी जगह जाना आसान हो सकता है।बुधवार को सीएम के सामने रखा जाएगा प्लानएफएमडीए 10 जुलाई को होने वाली बोर्ड बैठक में आउटर रिंग रोड का प्लान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने रखेगा। अगर सीएम ने इसे मंजूरी दे दी तो एफएमडीए इसपर काम शुरू करेगा। लगभग 70 किलोमीटर से ज्यादा के दायरे से गुजरने वाली रिंग रोड को लेकर अधिकारियों ने ग्राउंड सर्वे भी कर लिया है। एक अनुमान के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट पर लगभग पांच हजार करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है।क्यों है इसकी जरूरतफरीदाबाद की भौगोलिक स्थिति पॅर नजर डालें तो पूर्वी हिस्से में यमुना नदी और पश्चिमी हिस्से में अरावली पहाड़ी है। पश्चिमी हिस्से में गुड़गांव बसा है तो पूर्वी हिस्से में नोएडा और गाजियाबाद। उत्तर दिशा में दिल्ली और दक्षिण में पलवल है। इस वक्त शहर की आबादी 26 लाख से ज्यादा




है। अगर मास्टर प्लान 2031 की मानें तो आबादी बढ़ेगी। ऐसे में रोड नेटवर्क पर ज्यादा काम करने की जरूरत है, क्योंकि शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। अगर लोगों को गुड़गांव जाना होता है तो शहर से गुजरना पड़ता है। वहां से आने वाले लोगों को अगर नोएडा जाना पड़े तो उन्हें भी शहर के अंदर से गुजरना पड़ता है। इसलिए एक ऐसे रिंग रोड की जरूरत है, जो शहर के बाहर से ही सभी जिलो में ट्रैफिक को पहुंचा दे। इसलिए ऋ्रुअ ने रिंग रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।संभावित रूटअधिकारियों की मानें तो आउटर रिंग रोड का संभावित रूट बनाया गया है। इसमें बड़खल-अनखीर रोड से सीधे भांखरी होते हुए पाली सोहना टी पॉइंट पर पहुंचाया जाएगा। यहां से सिकरोना होते हुए सीकरी, सीकरी से डुंडसा गांव के रास्ते नरावली, मौजपुर, मंधावली, भुपानी तक पहुंचाया जाएगा। भूपानी गांव से बादशाहपुर, फिर इसे बड़खल वाली रोड से कनेक्ट किया जाएगा। इस हिसाब से यह रोड पांच विधानसभा क्षेत्रों बड़खल, एनआईटी, बल्लभगढ़, पृथला और तिगांव से गुजरेगी।करना पड़ेगा जमीन अधिग्रहणएफएमडीए ने जो आउटर रिंग रोड का प्रस्ताव तैयार किया है, वह कई गांवों से गुजरेगा। कुछ जगहों पर तो सड़क बनी है, जहां उन्हें चौड़ा करना है, लेकिन कई गांवों में जमीन अधिग्रहण करना पड़ेगा। प्रस्ताव में इसका जिक्र किया गया है। इस वजह से इस प्रॉजेक्ट का बजट 5 हजार करोड़ से भी ज्यादा पहुंच रहा है।ईस्ट-वेस्ट कनेक्टिविटी वाली सड़क से जुड़ेगाइस वक्त एफएमडीए ईस्ट-टु-वेस्ट कनेक्टिविटी पर भी काम कर रहा है, ताकि शहर का पश्चिमी हिस्सा डायरेक्टर पूर्वी हिस्से से जुड़ जाए। इससे ही आउटर रिंग रोड को जोड़ा जाएगा। ईस्ट-वेस्ट कनेक्टिविटी रोड को बड़खल रेलवे ओवरब्रिज के रास्ते ग्रेटर फरीदाबाद में लाया जाएगा, ताकि ग्रेटर फरीदाबाद के लोग सीधा गुड़गांव पहुंच सकें और गुड़गांव से आने वाला ट्रैफिक सीधा ग्रेटर फरीदाबाद होते हुए नोएडा में प्रवेश कर सके। अगर आउटर रिंग रोड की बात करें तो इसे कुंडली-गाजियाबाद-पलवल और नोएडा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से भी जोड़ने की संभावना है।

# आर्टिफिशियल जूलरी को इस तरह से घर पर ही करें साफ



समाचार गेट/एजेंसी


आर्टिफिशियल जूलरी को साफ करने के लिए विनेगर के साथ आपको नमक की जरूरत होगी। आप एक कप गरम पानी में एक चम्मच सिरका और थोड़ा नमक मिलाकर घोल बना लीजिए। इस मिश्रण में जूलरी को 15-20 मिनट के लिए भिगोकर रख दीजिए। इससे गंदगी और कालापन साफ हो जाएगा। अब जूलरी को मिश्रण से निकालने के बाद साफ पानी धो लीजिए और सूती कपड़े से पोछ लें।

आप आर्टिफिशियल जूलरी को नींबू के रस से भी चमका सकते हैं। इसके लिए जूलरी लेमन जूस लगाकर 5- 10 मिनट के लिए छोड़ दें, ताकि रस अच्छी तरह से जूलरी की सतह पर काम कर सके। थोड़ी देर बाद एक सॉफ्ट ब्रश की मदद से जूलरी को हल्के हाथ से साफ स्क्रब करते हुए साफ करें। आखिरी में साफ पानी धोकर सुखा लें, फिर ये नई जैसी चमकने लगेगी।अगर आप आर्टिफिशियल जूलरी को क्लीन करने के लिए और भी ज्यादा आसान उपाय आजमाना चाहते हैं तो थोड़ा सा टूथपेस्ट जूलरी पर लगाएं फिर एक ब्रश की मदद से अच्छे से रगड़ें। इसके बाद जूलरी को साफ पानी से धो लें और उसे सुखा दें। देखना आपकी जूलरी नई की तरह दिखने लगेगी।

# इनमें ऐसे सैकड़ों गुण होते हैं, जो रोजाना की आम और घातक बीमारियों का इलाज

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली` अगर आप पेट की बीमारियों, गठिया, खांसी, अस्थमा, दांत में दर्द डायबिटीज, बीपी यहां कि खतरनाक दिल की बीमारियों और कैंसर के मरीज हैं, तो आप ज्यादा आराम पाने के लिए दवाओं के साथ-साथ भुने लहसुन और लौंग का भी इतेमाल कर सकते हैं।लौंग और लहूसन का इस्तेमाल खाना बनाने में किया जाता है। इन दोनों मसालों को इनके औषधीय गुणों की वजह से आयुर्वेद में बड़ा दर्जा प्राप्त है। इन दोनों चीजों में जिंक, सेलेनियम, मैंगनीज और विटामिन सी जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं।



लौंग और लहसुन में खांसी और जुकाम जैसी छोटी बीमारी से लेकर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी साइलेंट किलर बीमारियों का इलाज और रोकथाम करने की ताकत है। लौंग और लहसुन को भूनकर खाने से आपको ज्यादा फायदे मिल सकते हैं।भुने हुए लौंग पाचन एंजाइमों को बनाने में मदद करते हैं, जिससे पाचन क्रिया तेज होती है

और पेट फूलना और गैस जैसी समस्याएं कम हो जाती हैं। लौंग में मौजूद सुगंधित तत्व मतली और उल्टी को कम करने में मदद करते हैं, जिससे ये सुबह की बेचैनी और मोशन सिकनेस से राहत मिलती है।

लौंग में यूगेनॉल नामक तत्व होता है, जिसमें पावरफुल एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह शरीर में सूजन को कम करके गठिया के लक्षणों को कम करता है।

लौंग में मौजूद एसेंशियल ऑयल में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। इसके उपयोग से दांत-मसूड़ों की समस्याओं का इलाज होता है।भुने हुए लौंग गले को शांत करने और खांसी और जुकाम के लक्षणों को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

इसमें कफ निकालने वाले गुण होते हैं और यही वजह है कि इसे चबाने से छाती और फेफड़ों में जमा बलगम को साफ करने में मदद मिलती है।लौंग में मौजूद यूगेनॉल एक प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में काम करता है।

भुने हुए लौंग का इस्तेमाल दांत दर्द, सिरदर्द और अन्य छोटे-मोटे दर्द से राहत दिलाने के लिए किया जा सकता है। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं,

जो शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और फ्री रेडिकल्स डैमेज से बचाने में मदद करते हैं। इससे हृदय रोग और कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

# कंधे से कमर तक पहुंच जाएंगे बाल

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली` हम में से कई लड़कियां चाहती हैं कि उनके बाल झड़ना बंद हो जाएं और लंबाई घुटनों तक हो जाए। जिसके लिए हम अपने कई तरह के शैम्पू और अन्य केमिकल वाले हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिनका असर ये होता है कि हमारे बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं।

हम जानते हैं आपको अपने बालों की कितनी फिक्र है, इसलिए आज हम इस लेख में आपके लिए लाएं हैं, बालों को बढ़ाने के नुस्खे, जिनका इस्तेमाल करने के बाद आपके कमर तक लंबे बालों का सपना सच हो जाएगा। तो फिर बिना देर किए आज से ही शुरू करें इन तरीकों को अपनाना और बालों को बनाएं घना।

अगर आप अपने बालों को कम समय में कमर जितना लंबा करना चाहते हैं, तो 4 बड़े चम्मच गर्म नारियल के तेल में 2 चम्मच



एलोवेरा जेल और एक बड़ा चम्मच अरंडी का तेल मिलाकर बालों पर लगाएं। लगभग 20-25 मिनट कर रखने बात हेयर वॉश कर लें।

महीने भर में ही आपको असर दिखेगा।बालों की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए एक कटोरी में 2 कप दही, 2 चम्मच नारियल का तेल और 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाकर बालों पर लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद बालों को ठंडे पानी से धो लें। इस नुस्खे को हफ्ते में एक बार लगाएं और फिर देखें असर।

सरसों का तेल हमारे बालों के लिए बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होता है और पुराने समय से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है।

साथ ही अगर आप इसमें मेथी के दानों को मिलाकर बालों पर लगाते हैं

**अगर आपके बाल बहुत झड़ते हैं और उनकी ग्रोथ भी कम हो गई है तो अपने आहार में सौंफ खाना शुरू कर दें।**

तो ये बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। आपको करना ये है कि 1 कटोरी सरसों के तेल में 2 चम्मच मेथी दाना को गर्म कर लें और तेल के नॉर्मल होने।

ये बालों का झड़ना कम करता है, उन्हें मजबूत बनाता है, रूसी को कम करता है और उन्हें शाइनी भी बनाता है। इसलिए आप अपने बालों को हेल्दी रखने के लिए सौंफ खाएं।

# तीन योगासन जिनसे होता है बेली फैट कम

समाचार गेट/एजेंसी

खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान की वजह से पेट पर चर्बी बढ़ जाती है। एक बार बेली फैट निकल आए तो इस कम करना काफी मुश्किल होता है। यदि आप रोजाना इन 3 योग आसान को करते हैं तो जिद्दी से जिद्दी बैली फैट भी कम हो जाएगा। योग हमारे सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। हाल ही में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है। प्रतिदिन योग करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। अगर किसी को बेली फैट कम करना है तो भी योग काफी मदद करता है। इन 3 योग



आसान करने से आपके पेट की चर्बी दूर हो जाएगी।

### त्रिकोणासन

अगर आपके पेट पर चर्बी बढ़ गई है तो त्रिकोणासन सबसे बढ़िया है। यह योग पोज पाचन में सुधार करता है और इसके साथ ही पेट और कमर में जमा चर्बी को कम करने में कारगर साबित होता है। इस आसान को करने से शरीर में ब्लड फ्लो को बढ़ाता है और उसमें सुधार करता है।

### सर्वांगासन

वेट लॉस की प्रक्रिया में सर्वांगासन भी आपके लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। यह योग आसान पाचन में काफी सुधार करता है साथ ही शरीर को ताकत प्रदान करता है। इसके साथ ही मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। वहीं यह थायरॉइड लेवल को संतुलित करता है। सर्वांगासन करने से पेट की मांसपेशियों और पैरों को भी मजबूत करता है। साथ ही श्वसन प्रणाली में सुधार करता है।

### वीरभद्रासन

आप अपनी जांघों और कंधों को टोन करना चाहते हैं तो वीरभद्रासन काफी मददगार हो सकता है। यह आसान आपकी कमर के निचले हिस्से, पैरों और बाहों को टोन करने के साथ-साथ आपके बैलेंस को बेहतर बनाता है। यह आपके पेट को भी टोन करने में मदद करता है।

# कोरियाई लोग और फिट, खाते हैं उम्र बढ़ाने वाले फूड

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली`सौ साल जीने के क्या उपाय हैं, सौ साल जीने के लिए क्या खाना चाहिए, लंबा जीवन जीने के लिए क्या करें,100 साल तक जीने का क्या नुस्खा है? इन सवालों का जवाब लगभग हर इंसान जानना चाहता है।

आपने कोरियाई लोगों को देखा होगा। छोटा बच्चा हो, जवान हो या कोई बुजुर्ग, सभी एकदम हेल्दी, फिट एंड ब्यूटीफुल दिखते हैं। उनके हेयर, स्किन और फिटनेस कमाल हैं। आंखों में चमक, सुनहरे बाल और स्किन पर एक भी झुर्री नहीं दिखती है। इतना ही नहीं यहां के लोग लंबा जीवन भी जीते हैं।

कोरियाई टेंपल क्यूजीन को 'सुनसिक' के नाम से भी जाना जाता है।

यह एक तरह का पारंपरिक भोजन है जिसे मुख्य रूप से दक्षिण कोरिया में बौद्ध मंदिरों में परोसा जाता है। इसमें पौधों पर आधारित सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी खास बात यह है कि इससे शरीर को सभी तरह के पोषण मिलते हैं और यह कोरियाई लोगों की लंबी उम्र का राज है।

टेंपल क्यूजीन मुख्य रूप से मौसमी सब्जियों, अनाज, फलियां, जंगली जड़ी बूटियों और मशरूम को मुख्य सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। भोजन की शुद्धता और सादगी बनाए रखने के लिए मांस,



मछली, लहसुन, प्याज और अन्य तीखी सामग्री का इस्तेमाल नहीं होता है।

टेंपल क्यूजीन में शामिल चीजों को पांच रंग (हरा, पीला, सफेद, लाल और काला) में बनाया जाता है और यही यही इसके स्वाद और पोषण का राज है। पांच स्वाद (कड़वा, मीठा, खट्टा, नमकीन और मसालेदार) पांच स्वादों का प्रतीक हैं।

इसे बनाने और खाने का तरीका भी खास है। यहां के लोग इसे बड़े ध्यान से पकाते हैं।

सबसे बड़ी बात भोजन को धीरे-धीरे और हर निवाले का स्वाद लेकर खाया जाता है।

ऐसा माना जाता है

कि टेंपल क्यूजीन में औषधीय गुण होते हैं और ये शरीर को साफ करने में मदद करते हैं।

चूंकि इसमें ताजी, मौसमी और प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है

इसलिए इससे सेहत अच्छी रहती है और उम्र लंबी होती है।

अपनी डाइट में ताजी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और मशरूम शामिल करें।

ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और सेहत के लिए फायदेमंद विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट्स देते हैं।

जल्दी-जल्दी खाने के बजाय धीरे-धीरे खाएं, हर निवाले को चबाएं और स्वाद लें। भोजन करते समय खाने से जुड़कर रहना जरूरी है।

इससे आप खाने के साथ गहरा संबंध बनाते हैं और पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाते हैं।

कोरियाई मंदिर भोजन में अक्सर किण्वित खाद्य पदार्थ जैसे किमची, सोयाबीन का पेस्ट और किण्वित चाय शामिल होते हैं। ये प्रोबायोटिक्स से भरपूर फूड्स आंतों के लिए अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं,

जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है उम्र लंबी होती है।प्रोसेस्ड फूड कम खाएं- डिब्बाबंद और पैकेटबंद खाने में अक्सर अन्हेल्दी फैट, शुगर और मिलावट ज्यादा होती है।

इनकी जगह फ्रेश और नैचुरल फूड्स खाएं, जिनमें जरूरी पोषण तत्व पाए जाते हैं।

संयम और संतुलन- कोरियाई मंदिर भोजन में सामग्री, रंगों और स्वादों के संतुलन पर ध्यान दिया जाता है।

अपनी डाइट में भी संतुलन बनाए रखें। ज्यादा मात्रा में खाने से बचें और तरह-तरह के पौधे आधारित भोजन खाएं।

पानी और हर्बल चाय- भरकर पानी पीकर शरीर को हाइड्रेट रखें।

साथ ही, कोरियाई पारंपरिक चाय जैसे ओमीजा या जुजुबे की चाय पीने से भी सेहत को फायदे मिलते हैं।

# भारत और रूस का वर्ष 2030 तक व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

### - दोनों देशों ने सहयोग के नौ प्रमुख क्षेत्रों पर सहमति जताई

**नई दिल्ली ।** भारत और रूस ने आपसी व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य निवेश को बढ़ावा देकर, आपसी व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग और ऊर्जा से लेकर कृषि एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर प्राप्त किया जाएगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच मॉस्को में आयोजित 22वीं वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों पक्षों ने विशेष और विशेषाधिकार-प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने रूस-भारत व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देकर द्विपक्षीय बातचीत को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की बात भी कही। दोनों देशों ने सहयोग के नौ प्रमुख क्षेत्रों पर सहमति व्यक्त की। इनमें व्यापार, राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करके व्यापार निपटान, उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे जैसे नए मार्गों के जरिए माल परिवहन कारोबार में वृद्धि शामिल हैं। सहयोग के अन्य क्षेत्रों में कृषि उत्पादों, खाद्य और उर्वरक व्यापार में वृद्धि, परमाणु ऊर्जा सहित ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बातचीत को मजबूत करना, डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेश और संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देना, दवाओं की आपूर्ति में सहयोग और मानवीय सहयोग को प्रोत्साहन शामिल है। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार से संबंधित गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को खत्म करने और ईएईयू-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना की संभावना सहित द्विपक्षीय व्यापार के उदारीकरण के लिए बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई। दोनों देशों की इस पहल का मकसद वर्ष 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के आपसी व्यापार का लक्ष्य हासिल करना है। इसमें भारत से वस्तुओं की आपूर्ति में वृद्धि शामिल है। इसके साथ ही निवेश गतिविधियों को फिर से सक्रिय करने पर सहमति जताई गई।

## एयर इंडिया और विस्तारा करेगी 700 कर्मचारियों की छंटनी

**मुंबई ।**

एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइंस में कम से कम 700 कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है। एयरलाइंस के दो अधिकारियों के मुताबिक इसकी आधिकारिक घोषणा इस साल अक्टूबर तक होने की संभावना है। दोनों एयरलाइंस के बहुप्रतीक्षित मर्जर ने कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटका दी है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि इसमें रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे कर्मचारी और फिक्स्ड टर्म कांट्रैक्ट वाले कर्मचारी शामिल नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक करीब 18,000 कर्मचारियों वाले एयर इंडिया का विस्तारा के साथ मर्जर होने वाला है।

इसके लिए मर्ज की गई यूनिट में करीब 6000 विस्तारा कर्मचारियों को समायोजित करने की आवश्यकता होगी। एक अधिकारी ने कहा कि आंतरिक फिटमेंट प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही छंटनी का ऐलान किया जाएगा। निश्चित अवधि के




अनुबंध वाले कर्मचारियों और जल्द ही रिटायर होने वाले कर्मचारियों को छोड़कर एयर इंडिया और विस्तारा दोनों के करीब 700 कर्मचारियों की छंटनी होने की उम्मीद है। बार-बार प्रयास करने के बावजूद एयर इंडिया के प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## केंद्र सरकार देश में स्वदेशी जहाज निर्माण की नीति बनाएगी

### - सिर्फ भारत में बने जहाजों को मिलेगी परमिशन, 2030 से लागू होंगे नए नियम!

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार देश में स्वदेशी जहाज निर्माण की नीति बनाने की योजना बना रही है। जानकारी के अनुसार इस नीति के तहत 2030 से तटीय और अंतर्देशीय जलमार्गों पर परिचालन के लिए केवल भारत में बने जहाजों के पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक नई दिल्ली में पिछले दिनों भारत के जहाज निर्माण उद्योग में नई जान फूंकने के मसले पर जहाजरानी व जलमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यशाला में यह प्रस्ताव सामने आया। इसके अलावा भी कई मसलों पर इसमें विचार किया गया। यह सिफारिश एक दस्तावेज में शामिल थी, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक शिपबिल्डिंग में भारत का बीसवां स्थान है और इसकी वैश्विक शिपबिल्डिंग में हिस्सेदारी महज 0.06 प्रतिशत है। इस सत्र में सरकारी अधिकारियों ने घरेलू शिपबिल्डिंग और शिपओनिंग की जरूरत पर जोर दिया। कार्यशाला में केंद्रीय नौवहन सचिव टीके रामचंद्रन ने कहा कि बंदरगाह के आधारभूत ढांचे और अंतर्देशीय जलमार्ग के क्षेत्र की कवायदों और प्रगति के बावजूद हम विदेशी जहाजों पर निर्भर बने हुए हैं। हमें अभी भी वैश्विक शिपबिल्डिंग मार्केट में उल्लेखनीय हिस्सेदारी हासिल करना है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए मंत्रालय अब जहाजों के निर्माण और उनकी मरम्मत पर ध्यान बढ़ा रहा है, जिससे एमआईवी 2030 और मैरीटाइम अमृतकाल विजन 2047 का महत्वाकांक्षी लक्ष्य पूरा किया जा सके। इस कार्यशाला के माध्यम से मंत्रालय का लक्ष्य हितधारकों के इनपुट के आधार पर विशिष्ट नीतियां लाना और इस क्षेत्र की क्षमता में वृद्धि के लिए कीमती योगदान हासिल करना है। अधिकारियों का कहना है कि इस सत्र में सरकारी एजेंसियों व सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को भारत निर्मित जहाजों की मांग पूरा करने, ऋण संबंधी प्रोत्साहन, मशीनरी के आयात पर कर छूट और नए शिपयार्ड की स्थापना के लिए जरूरी पूंजीगत व्यय आसान बनाने संबंधी सिफारिशों पर भी चर्चा हुई। मंत्रालय की ओर से 4 जुलाई को जारी एक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय 100 दिन की कार्ययोजना के तहत जहाज निर्माण एवं जहाज मरम्मत नीति जल्द ही पेश करेगी।

## दोपहिया वाहन उद्योग 2025 में 9 फीसदी तक वृद्धि दर बनाए रखेगा: रिपोर्ट

### - वर्ष 2020, 2021 और 2022 के दौरान बिक्री में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी

**नई दिल्ली ।**

एक नई रिपोर्ट में यह बताया गया है कि घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों को देखते हुए दोपहिया वाहन उद्योग वित्त वर्ष 2025 में लगभग 7 से 9 प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रख सकता है। केयरएज रेटिंग्स के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में यह वृद्धि सरकार की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) 2024 द्वारा समर्थित उच्च इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की बिक्री की वजह से बने रहने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोविड के बाद वित्त वर्ष 2020, 2021 और 2022 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री मे लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। लेकिन वित्त वर्ष 2023 से इसमें सुधार शुरू हुआ जो वित्त वर्ष 2024 में भी जारी रहा। वित्त वर्ष 2023 में दोपहिया वाहन उद्योग ने 19.51 मिलियन यूनिट की बिक्री दर्ज की थी। जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022 की 18.01 मिलियन यूनिट की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक थी। वित्त वर्ष 2024 में इस उद्योग में और तेजी देखने को मिली और 21.43 मिलियन यूनिट की कुल बिक्री के साथ 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की गई और यह जारी है। हालांकि रिपोर्ट के अनुसार यह वित्त वर्ष 2019 में दर्ज की गई अधिकतम बिक्री से कम थी, क्योंकि इस वर्ष 24.46 मिलियन यूनिट दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी। वित्त वर्ष 2024 के दौरान घरेलू दोपहिया उद्योग में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि निर्यात मात्रा में 5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। हालांकि वित्त वर्ष 2023 के मुकाबले यह फिर भी बेहतर है। वित्त वर्ष 2023 में ईवी की बिक्री लगभग 0.73 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई। जो कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री का 4.54 प्रतिशत है। यह 188 प्रतिशत की साल-दर-साल उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। वहीं वित्त वर्ष 2024 में ईवी की बिक्री लगभग 30 प्रतिशत बढ़ी और यह 0.94 मिलियन यूनिट की मात्रा को पार कर गई। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि वित्त वर्ष 2024 में मोटरसाइकिलों की बिक्री में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि स्कूटर की बिक्री में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# आरबीआई ने बैंकों को इंटरनल खातों के दुरुपयोग को लेकर दी चेतावनी

### इंटरनल खातों को कम कर सिर्फ जरूरी खातों को ही रखने को कहा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को इंटरनल खातों के दुरुपयोग को लेकर चेतावनी जारी की है। इन खातों का उपयोग धोखाधड़ी और लोन चुकाने की अवधि बढ़ाने (एवरग्रीनिंग) में किया जा रहा है। आरबीआई ने पाया है कि कुछ बैंकों में बिना किसी वजह के बहुत सारे इंटरनल खाते हैं और इनका गलत कामों में उपयोग हो रहा है। आरबीआई ने बैंकों से इन खातों को कम कर सिर्फ जरूरी खातों को ही रखने को कहा है। साथ ही कहा है, बैंक इन खातों पर बेहतर नियंत्रण रखें, नियमित जांच करें और बोर्ड की ऑडिट समिति को रिपोर्ट दें। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने हाल ही में बैंकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में इंटरनल खातों के नियंत्रण और मैनेजमेंट पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। हमें कुछ ऐसे बैंक मिले जिनके पास लाखों की संख्या में आंतरिक खाते हैं, जिनका कोई स्पष्ट कारण नहीं है। इनमें से कुछ खातों का उपयोग धोखाधड़ी और लोन चुकाने की अवधि बढ़ाने (एवरग्रीनिंग) के लिए भी किया जा रहा है। इंटरनल खाते दुरुपयोग की संभावना के चलते काफी जोखिम वाले होते हैं। इसलिए उन्होंने मुख्य वित्तीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन खातों को घटाएं और सिर्फ जरूरी खातों को ही रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंकों को इन खातों पर बेहतर नियंत्रण रखने के लिए नियमित जांच करनी चाहिए और बोर्ड की ऑडिट समिति को रिपोर्ट देनी चाहिए। आरबीआई ने सिर्फ बैंकों को ही नहीं, बल्कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को भी चेतावनी दी है। आरबीआई चाहता है कि एनबीएफसी अपने खुलासे (डिस्क्लोजर) की गुणवत्ता बेहतर बनाएं, खासकर लोन चुका न पाने की आशंका के मामले में।

## रुपया डॉलर के मुकाबले 83.49 पर स्थिर

**मुंबई ।**

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में कमी के दौरान रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.49 पर स्थिर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.49 पर सपाट शुरुआत की। इसके बाद 83.49 से 83.50 प्रति डॉलर के बीच सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.49 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.09 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.44 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में मंगलवार को लिवाल रहे और 314.46 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर खरीदे।




## सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के कर्मचारी करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**सियोल ।**

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के श्रम संघ से जुड़े कर्मचारियों ने बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की। दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी के ये कर्मचारी उच्च वेतन और अन्य लाभों की मांग कर रहे हैं। नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन के हजारों सदस्यों ने सोमवार को अस्थायी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की थी। यूनियन ने बुधवार को कहा कि वह अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर रही है, उसने प्रबंधन पर बातचीत को लेकर अनिच्छुक होने का आरोप लगाया है। यूनियन बयान में कहा गया है कि हम अपनी जीत को लेकर आश्वासित हैं। इस बीच सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि हड़ताल उत्पादन में कोई बाधा नहीं आएगी और वे बातचीत को तैयार हैं। सैमसंग के एक बयान में कहा गया कि सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यह सुनिश्चित करेगा कि उत्पादन श्रृंखला में कोई व्यवधान न हो। यूनियन के साथ सदभावपूर्ण वार्ता के लिए कंपनी प्रतिबद्ध है।

## टाटा ट्रस्ट्स ने बनाई एक स्पेशल एग्जीक्यूटिव कमेटी

### रतन टाटा की यह कमेटी लेगी सभी महत्वपूर्ण फैसले

**मुंबई ।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप पर नियंत्रण रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स ने एक स्पेशल एग्जीक्यूटिव कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी का चेयरमैन रतन टाटा को बनाया गया है, जबकि इसमें कंपनी से जुड़े कई बड़े नाम और शामिल हैं। कंपनी से जुड़े सभी जरूरी और बड़े फैसले अब यही कमेटी करेगी। सूत्रों के अनुसार टाटा ट्रस्ट्स की इस स्पेशल एग्जीक्यूटिव कमेटी के वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह हैं जबकि इसमें ट्रस्टी मेहली मिस्त्री को भी शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार इस कमेटी को बनाने का मकसद रोजमर्रा के काम पर तेजी से फैसले लेना है, ताकि हर निर्णय पर पूरे बोर्ड से रजामंदी लेने की जरूरत ना पड़े। टाटा ग्रुप से जुड़े अलग-अलग ट्रस्टों में कुल 18 ट्रस्टी हैं। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है टाटा संस, जिसमें टाटा ट्रस्ट्स की कंट्रोलिंग अथॉरिटी है। ऐसे में टाटा संस और ओवरऑल टाटा ग्रुप के अहम निर्णय लेने में टाटा ट्रस्ट्स की ही भूमिका रहती है। इसके अलावा टाटा संस में कई अलग-अलग ट्रस्टी की भी हिस्सेदारी है। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट्स के पास है। टाटा ट्रस्ट्स एक कल्याणकारी ट्रस्ट है जिसमें टाटा परिवार के सदस्य शामिल हैं। इसमें टाटा परिवार के सदस्यों से जुड़े कई अन्य ट्रस्ट शामिल हैं। सबसे बड़े ट्रस्ट सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट हैं। टाटा ट्रस्ट्स के प्रमुख मौजूदा समय में 87 साल के रतन टाटा हैं। वह टाटा संस के मानद चेयरमैन भी हैं।

# जगुआर ने किया आई-पेस इलेक्ट्रिक एसयूवी को डी-लिस्ट

### कंपनी बेचेगी बस एक कार, टाटा से जुड़ा है नाम

**नई दिल्ली ।**

लग्जरी कारों का निर्माण करने वाली कंपनी जगुआर ने अपनी आई-पेस इलेक्ट्रिक एसयूवी को वेबसाइट से डी-लिस्ट कर दिया है। जानकारी के अनुसार, आई-पेस को कंपनी ने वेबसाइट से हटा दिया है, जिसके बाद अब कंपनी के पास बस एक मॉडल एफ-पेस ही बचा है। जगुआर आई-पेस की आखिरी कीमत 1.26 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) थी। जगुआर आई-पेस को भारत में 2021 में लॉन्च किया गया था और यह ब्रांड के लिए काफी हिट प्रोडक्ट थी। यह देश की शुरुआती लग्जरी ईवी में से एक थी और इसका मुकाबला ऑडी ई-ट्रॉन और मर्सिडीज ईक्यूसी से था। इसे 90केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी के साथ दो इलेक्ट्रिक मोटर (प्रत्येक एक्सल पर एक) के साथ पेश किया गया था और डब्ल्यूएलटीपी के अनुसार इसकी रेंज 470 किमी बताई गई थी। इलेक्ट्रिक मोटर 400 पीएस पॉवर और 696 एनएम का टॉर्क देने में सक्षम थे। ग्लोबल मार्केट में हिट प्रोडक्ट होने के बावजूद आई-पेस को भारत में बंद करने का एक मुख्य कारण यह है कि इसकी बिक्री में भारी गिरावट। ऑडी क्यू8 ई-ट्रॉन ने ई-ट्रॉन की सफलता को पीछे छोड़ दिया और अभी भी इसकी मांग है। मर्सिडीज बेंज इंडिया को ईक्यूसी के साथ कोई सफलता नहीं मिली, लेकिन फिर ईक्यूई एसयूवी के साथ इसे बदलने में बहुत लंबा इंतजार नहीं किया और इसके अलावा उन्होंने कई अन्य ईवी भी लॉन्च किए जैसे ईक्यूबी, ईक्यूएस और अब ईक्यूए को भी लॉन्च कर दिया गया है।

बीएमडब्ल्यू जो इस ईवी स्पेस में देर से आई, वास्तव में यहां सबसे सफल रही है और आईएक्स एसयूवी इस शो की स्टार है। जहां तक आई-पेस की बात है, जगुआर ने कभी भी कार को मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए अपडेट नहीं किया। हां, जब कार लॉन्च



की गई थी, तो इसके लुक, बड़ी बैटरी क्षमता और ड्राइविंग नेचर के मामले में कार के बारे में बहुत चर्चा हुई थी। इसका असामान्य आकार इसे चलाने में मजेदार बनाता है। कार का इंटीरियर भी अपने आप में शानदार था। लेकिन 3 साल बाद, कार अपने जर्मन प्रतिद्वंद्वियों के साथ बने रहने में कामयाब नहीं हो पाई। फिलहाल जगुआर ने भारत में जल्द ही कोई नई कार लॉन्च करने की जानकारी नहीं दी है। एफ-पेस अभी भी ब्रांड के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## जेएसडब्ल्यू ने ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचा बढ़ाने शेल से की साझेदारी



**नई दिल्ली ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए शेल इंडिया के साथ साझेदारी की है। साझेदारी के तहत जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के ग्राहक वाहन चार्जिंग के लिए देश भर में शेल के व्यापक ईंधन स्टेशन का उपयोग कर सकेंगे। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार शेल इंडिया पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर सीसीएस 50 किलोवाट और 60 किलोवाट डीसी फास्ट चार्जर लगाएगी जिससे ईवी चार्जिंग तंत्र मजबूत होगा। ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए लंबी दूरी की यात्रा सुविधाजनक होगी। कंपनी के के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शेल इंडिया के साथ हमारी साझेदारी टिकाऊ परिवहन के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे देश भर में लोग ईवी अपनाने को लेकर प्रोत्साहित होंगे। शेल इंडिया के बाजार निदेशक संजय वर्की ने कहा कि इस साझेदारी का मकसद डिजिटल एकीकरण तथा ग्राहक-केंद्रित पहलों का लाभ उठाकर देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को व्यापक रूप से अपनाए जाने को बल देना है।

# इस बार बजट में ज्यादा देसी माल का उपयोग बढ़ाने की हो सकती है घोषणा!

### - कुछ क्षेत्रों में सार्वज निक खरीद के लिए बढ़ सकती है देसी सामग्री के उपयोग की न्यूनतम सीमा

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार इस बार के बजट में मेक इन इंडिया अभियान के जरिये देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्थानीय सामग्री का उपयोग बढ़ाने का ऐलान कर सकती है। इसके तहत कुछ क्षेत्रों को छोड़कर बाकी में सार्वजनिक खरीद के लिए देसी सामग्री के उपयोग की न्यूनतम सीमा भी बढ़ा सकती है। फिलहाल जो कंपनियां कम से कम 50 प्रतिशत देसी सामग्री के साथ उत्पादन करती हैं, उन्हें पहली श्रेणी का आपूर्तिकर्ता कहा जाता है। उत्पादन, सेवा या कामकाज में 20 से 50 फीसदी स्थानीय माल उपयोग करने वाले दूसरी श्रेणी के आपूर्तिकर्ता होते हैं। 20 फीसदी के कम स्थानीय सामग्री प्रयोग करने वाले को गैर स्थानीय आपूर्तिकर्ता कहा जाता है। सार्वजनिक खरीद आदेश के तहत इस श्रेणी को सबसे कम तवज्जो दी जाती है और कोई खास जरूरत पहली या दूसरी श्रेणी के स्थानीय आपूर्तिकर्ता पूरी नहीं कर पाते हैं तभी इन्हें ठेका दिया जाता है। एक सरकारी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि विभिन्न मंत्रालयों के बीच बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। आगामी बजट में इस प्रस्ताव का जिक्र हो सकता है और इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना है। यह उपाय तब किया जा रहा है, जब बैंक ऑफ बड़ौदा ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2025 की निजी क्षेत्र ने जून तिमाही में केवल 44,300 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की है। यह 20 साल में सबसे कम आंकड़ा है। इससे भी कम निवेश की घोषणा जून 2005 में हुई थी। स्थानीय सामग्री की जरूरत बढ़ाए जाने से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बढ़ सकता है क्योंकि विदेशी कंपनियों को सरकारी खरीद के बड़े और आकर्षक बाजार तक पहुंचने के लिये भारत में ठिकाना बनाना ही होगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन ने पिछले महीने कहा था कि 2023 में दुनिया भर में एफडीआई की आवक केवल 2 फीसदी घटी मगर भारत में यह 43 फीसदी घटकर 28 अरब डॉलर रह गई।

## कच्चा तेल 85 डॉलर, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव एक डॉलर लुढ़ककर 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। वैश्विक बाजार में बुधवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.12 डॉलर की गिरावट के साथ 84.54 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.05 डॉलर लुढ़कर 81.36 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

## कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने हेरॉक्स व दो अन्य पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली ।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने स्टार्टअप हेरॉक्स प्राइवेट लिमिटेड और मुंजाल परिवार के दो लोगों पर जुर्माना लगाया है। जारी आदेश के अनुसार हेरॉक्स पर कुल छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सुमन कांत मुंजाल तथा अक्षय मुंजाल पर 1.5-1.5 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। कंपनी और दोनों लोगों ने महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामी (एसबीओ) मानदंडों का उल्लंघन किया है। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 90 के तहत संस्थाओं को एसबीओ विवरण का खुलासा करना आवश्यक है। दिल्ली और हरियाणा के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने हेरॉक्स और दोनों व्यक्ति पर जुर्माना लगाया है। कंपनी ने एक बयान में कहा गया कि हेरॉक्स और निदेशक आदेश के खिलाफ क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष अपील दायर करेंगे।



# फिल्म और ओटीटी डेब्यू में अंतर पर रितेश ने की बात

हिंदी और मराठी फिल्मों के जाने-माने कलाकार रितेश देशमुख ने साल 2003 में तुझे मेरी कसम से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। वह बॉलीवुड फिल्मों में ज्यादातर बार कॉमेडी करते दिखे हैं, जिसमें उन्हें काफी पसंद भी किया गया है। हालांकि, उन्होंने फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभा कर दर्शकों को काफी प्रभावित किया था। अब वह एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इस वक्त वह अपनी पहली ओटीटी सीरीज पिल को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज से वह ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। हाल में ही उन्होंने फिल्म और ओटीटी डेब्यू को लेकर बात की है।

रितेश देशमुख ने फिल्म तुझे मेरी कसम से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा है। इस दौरान वह कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे। हिंदी और मराठी फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखरेने के बाद वह अब जल्द ही पिल से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। इसमें वह एक मेडिकल ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज का प्रीमियर बहुत जल्द होने वाला है। अभिनेता ने दो दशक पहले बड़े पर्दे पर डेब्यू किया था और अब वह ओटीटी में भी डेब्यू करने वाले हैं। हाल में ही उन्होंने बड़े पर्दे और ओटीटी पर डेब्यू करने के अंतर को लेकर बात की है। एक इंटरव्यू के दौरान रितेश देशमुख ने अपनी डेब्यू फिल्म के अनुभव को याद किया। उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें नहीं पता था कि वह क्या कर रहे हैं। उन्होंने तब वही किया, जो उन्हें करने के लिए कहा गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि ओटीटी डेब्यू उनके लिए पहले से अलग है। उन्होंने कहा कि यह एक खास तरहे के अनुभव के साथ आ रहा है। उन्होंने बताया कि अब वह पहले की तुलना में अपने काम में ज्यादा बेहतर हैं और फिल्म निर्माण से जुड़े हर पहलू को गहराई से समझते हैं। अभिनेता ने आगे बताया कि वह लंबे समय से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने को उत्सुक थे, लेकिन उन्हें सही स्क्रिप्ट और विषय नहीं मिल रहा था। हालांकि, उन्हें जब निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता रॉनी स्क्रूवाला की पिल ऑफर हुई, तो उन्हें लगा कि यह उनके लिए सबसे बेहतर मौका होगा। उन्होंने कहा कि पिल अव्यवस्था पर गहरी चोट करने वाला शो है। बताते चलें कि पिल ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर जारी होने वाला है। यह सीरीज 12 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज किया जाएगा।



# अब सिर्फ 15 दिन गाना चलता है, लोग रील्स बनाते हैं और फिर भूल जाते हैं

सिंगर, कंपोजर और म्यूजिशियन शिबानी कश्यप फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। हाल ही में उन्होंने खास बातचीत की

**आपको संगीत की दुनिया में लंबा वक्त हो गया है। अपने इस सफर को आप किस तरह देखती हैं?**

मैं शुक्रगुजार हूं कि मेरा सफर काफी लंबा है और अभी तक चल रहा है। मैंने 1996 में ऑल इंडिया रेडियो एफएम की सिग्नेचर ट्यून के साथ करियर शुरू किया था। 1998 में मेरा पहला गाना आया 'हो गई है मोहब्बत' आया, जो काफी हिट हुआ। अगर आज तक लोग उस गाने को याद करते हैं, तो लगता है मेरा गाना सफल हो गया। फिर मैंने फिल्म 'वैसा भी होता है' के गाने 'सजना आ भी जा' से बॉलीवुड में एंट्री की। मेरे इन गानों को आज भी सुना जाता है। भारत ही नहीं, बल्कि मैं दूसरे देशों में भी भारत का प्रतिनिधित्व करती हूं। भारत की आजादी मनाने के लिए मैं न्यू यॉर्क डे परेड में हर साल परफॉर्म करती हूं। मुझे अपना नया कंटेंट क्रिएट करने पर खुशी होती है। मैं ज्यादा कुछ प्लान नहीं करती। मेरा मानना है कि जब आप ज्यादा प्लान करते हैं और चीजें पूरी नहीं होती, तो निराशा होती है।

**कुछ ही अरसे में चीजों को भुला देने वाले इस दौर में आपके गानों को आज भी याद किया जाता है। इसके पीछे आप क्या वजह मानती हैं? आज के गानों के बारे में आपकी क्या राय है?**

ये मेलोडी होती है। जब आपकी मेलोडी और गीत अच्छा हो और आप उसे मन से गाओ तो ऐसा जरूर होता है। कुछ म्यूजिकल फ्रीक्वेंसी और मेलोडी होती हैं, वह आपके जहन में ऐसे रह जाती है कि जाती ही नहीं हैं। फिर वह लोगों के अंदर समा जाती है। आजकल के संगीत में कुछ बहुत अच्छा है, तो कुछ संगीत ऐसा भी है कि आपने एक गाना सुना और सारे गानों में उसी की नकल की। वह बस एक-दूसरे की नकल है। गानों में लय की कमी है। अगर आपके गानों में भाव ही नहीं होंगे, तो वह नहीं चलेगा। बॉलीवुड का गाना लग जा गले पूरे दुनिया भर में सबसे ज्यादा मशहूर और पसंद किया जाने वाला गाना है। लता जी का गाना रहें ना रहें सुनते ही आपकी आंखों में आंसू आ जाते हैं। अगर यही इमोशन आज के गानों में हो, तो वो बहुत लंबे चलेंगे। पर आजकल 10-15 दिन वो गाना चलता है, लोग डांस करते हैं, उन पर धड़ाधड़ रील्स बनाते हैं। फिर कुछ दिनों बाद लोग उन्हें भूल जाते हैं और कोई नहीं सुनता। इसलिए गानों में जान डालना जरूरी होता है।

**आप अलग-अलग देशों में परफॉर्म करती हैं। आप भी कभी दूसरे देश में बसने के बारे में सोचती हैं?**

बदलाव हमेशा बेहतर होता है। बाहर जाकर हम उस जगह की नई चीजें सीखते हैं, लेकिन घर तो घर होता है। भारत जैसा देश कहीं नहीं है। मैं अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, हाल ही में उज्बेकिस्तान भी गई। लेकिन यहां कुछ ऐसा है, जो दिल से जुड़ा है और इसकी जगह कोई नहीं ले सकता। लोगों में देशभक्ति की भावना बदली नहीं जा सकती। मैं उन सभी जगहों की इज्जत करती हूं, लेकिन वहां बसना और रहने का मैंने कभी ऐसा सोचा नहीं, क्योंकि मेरा दिल नहीं मानता।




# करण जौहर का छलका दर्द, बोले पैरेंटिंग आसान नहीं है

करण जौहर बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निर्माता, लेखक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर, अभिनेता और टीवी होस्ट हैं। वह रूही जौहर और यश जौहर के बेटे हैं। वह धर्मा प्रोडक्शन्स कंपनी के कर्ता-धर्ता भी हैं। निर्देशक करण जौहर रूही और यश के सिंगल पैरेंट हैं, जिनका उन्होंने 2017 में सरोगेसी के जरिए स्वागत किया था। हाल ही में, फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उनके बच्चे अब उनसे अपनी मां के बारे में सवाल पूछते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता। इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। करण कहते हैं कि वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। करण ने कहा, मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।

# मां के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव पर बोले सनी सिंह

अपकमिंग फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब की रिलीज की तैयारी कर रहे एक्टर सनी सिंह ने अपनी मां के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव के बारे में खुलकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि यह फिल्म उनके लिए क्यों खास है, तो सनी ने भावुक होते हुए कहा कि यह मेरी मां के लिए मेरी सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म है। रिलीज से पहले ही उनका निधन हो गया, लेकिन उन्होंने इसका हर सीन देखा था। उन्होंने कहा कि जब भी फिल्म के बारे में बात होती थी तो वह उत्साहित हो जाती थीं, वह पूछती थी कि फिल्म कब शुरू हो रही है? या तुम कब जा रहे हो? एक्टर ने कहा कि उनकी मां इस फिल्म को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। लव (रंजन) सर भी जानते हैं कि यही वजह है कि मैं इस फिल्म से भावनात्मक रूप से इतना जुड़ा हुआ हूं। इसके अलावा, इस फिल्म में अन्य कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए अपने परिवार के साथ काम करने जैसा था। सिमरप्रीत सिंह द्वारा निर्देशित वाइल्ड वाइल्ड पंजाब एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो अपने दोस्तों के साथ ब्रेकअप रोड ट्रिप पर जाता है। फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल, मनजोत सिंह और पत्रलेखा भी हैं। यह 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।





# प्रियंका मोहन ने शुरू की सारिपोधा सानिवारम की डबिंग

अभिनेता नानी लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं। वो अब अपनी अगली फिल्म सारिपोधा सानिवारम को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री प्रियंका मोहन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में, निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रियंका का लुक साझा किया था और अब उनसे जुड़ा एक और अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रियंका मोहन ने सारिपोधा सानिवारम के लिए अपनी डबिंग शुरू कर दी है। वो इस फिल्म में एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगी, जिसका नाम चारु होता है। इसकी जानकारी फिल्म निर्माताओं द्वारा पोस्टर जारी करके दी गई थी। उनके प्रशंसक उनका यह अवतार देखने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं। प्रियंका मोहन केवल सारिपोधा सानिवारम से ही सुर्खियां नहीं बटोर रही हैं, बल्कि वो ओजी फिल्म को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। खास बात यह है कि दोनों ही फिल्मों का निर्माण डीवीवी एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। नानी और प्रियंका मोहन इससे पहले गैंग लीडर फिल्म में साथ काम कर चुके हैं और सारिपोधा सानिवारम में दोनों दूसरी बार एक साथ परदे पर दिखाई देंगे।

# ऋचा सोनी ने 'शरारत' सीरियल से शुरू किया था करियर, आज हैं अभिनेत्रियों की टॉप की सूची में शामिल

**ऋचा सोनी एक भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। डेली सोप 'भाग्यविधाता' में बिंदिया की भूमिका के लिए जानी जाती हैं। ऋचा 'नचले वे विद सरोज खान - सीजन 2', 'बदलते रिश्तों की दास्तान', 'जाट की जुगनी' और 'सिया के राम' जैसे शो में भी अभिनय कर चुकी हैं।**

झऋचा ने 'द साइलेंट स्टैच्यू' जैसी शॉर्ट फिल्में भी की हैं, जिसे कान फिल्म महोत्सव में दिखाया गया था। ऋचा ने शॉर्ट फिल्म 'सीजन्ड विद लव' में भी काम किया है। ऋचा एक बंगाली हैं, जिनका जन्म और पालन पोषण बिहार के मुज्जफरपुर शहर में हुआ।





# प्रभास की स्पिरिट में कोरियाई सुपरस्टार निभाएगा खलनायक की भूमिका

**प्रभास और संदीप रेड्डी वांगा के सहयोग वाली आगामी फिल्म स्पिरिट अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म आए दिन नए अपडेट के कारण सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। फिल्म की शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है। इसी बीच नई रिपोर्ट ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। रिपोर्ट की मानें तो, स्पिरिट में खलनायक की भूमिका के लिए इस दमदार कोरियाई-अमेरिकी अभिनेता के नाम पर चर्चा चल रही है।**

## स्पिरिट से जुड़ेंगे मा डोंग-सेओक?

जानकारी के अनुसार, कोरियाई-अमेरिकी अभिनेता मा डोंग-सेओक जिन्हें डॉन ली के नाम से भी जाना लिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो यह बड़े पैमाने की फिल्म के लिए गेम-चेंजर होगा। मा डोंग-सेओक दक्षिण कोरिया और हॉलीवुड दोनों में एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं।

## मा डोंग-सेओक का शानदार काम

मा डोंग-सेओक ने द आउटलॉज, द गैंगस्टर, द कॉप, द डेविल, अनस्टॉपेबल, चैंपियन और ट्रेन टू बुसान जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। कई सुपर हिटफिल्मों में सहायक किरदारों से लेकर खलनायक तक उनकी भूमिकाएं अलग-अलग हैं। विशेष रूप से मार्शल आर्ट फिल्मों के एक्शन दृश्यों में उनके कौशल का प्रदर्शन काबिल-एक

# वेट्टैयन के बाद कुली में रजनीकांत के साथ काम करेंगे फहद फाजिल

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। रजनीकांत ने फिल्म की शूटिंग में शुरू कर दी है। फिल्म की शूटिंग हाल ही में हैदराबाद में हो रही है, जिसमें श्रुति हासन भी शामिल हुई। फिल्म को लेकर छोटी से छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हालांकि, फिल्म के अन्य कलाकार के बारे में निर्माताओं की ओर से जानकारी नहीं आई है। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर एक और अभिनेता के फिल्म में शामिल होने की खबरें आ रही हैं। यह अभिनेता कोई और नहीं बल्कि फहद फाजिल हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें फैली कि मलयालम स्टार फहद फाजिल ने वेट्टैयन के बाद सुपरस्टार रजनीकांत के साथ एक और फिल्म साइन की है। ऐसे में लोगों का मानना है कि कुली के निर्देशक लोकेश कनगराज ने कमल हासन की विक्रम में फहद के साथ काम किया था और वे उन्हें कुली के लिए साइन करने के इच्छुक थे। वे पहले से ही आवेशम के अभिनेता फहद के साथ बातचीत कर रहे थे। ऐसे में अब अफवाह है कि फहद वेट्टैयन के साथ-साथ कुली में भी रजनीकांत

